दिनांक - 25/07/2024 को कोतवाली पटेलनगर में वाहन चोरी की घटनाओं का किया खुलासा,एक शातिर वाहन चोर चढा पुलिस के हत्थे।

घटना का विवरण:- दिनांक 21-07-2024 को वादी श्री सतेन्द्र सिह पुत्र स्व० सुरेन्द्र सिह निवासी ग्राम मराड, थाना थत्यूड, जनपद टिहरी गढवाल हाल पता सुभाष नगर, कोतवाली पटेलनगर जनपद देहरादून ने थाना पटेलनगर पर एक प्रार्थना पत्र दिया कि दिनांक 21-07-2024 को वो अपनी स्कूटी सं0-यू0के0-07-एफटी-2593 से सब्जी मण्डी निरंजनपुर जा रहे थे तभी रास्ते में उन्हें एक व्यक्ति मिला जिसने बताया कि उसकी मोटर साईकिल संख्या : यू0के0-07-बीएल-2904 मे तेल खत्म हो गया है और मदद मांगते हुए मोटर साईकिल मे पीछे से धक्का का अनुरोध किया, थोड़ी दूर चलने के बाद उक्त व्यक्ति ने स्वयं वाहन को धक्का मारने की बात कहकर अपनी मोटर साईकिल वादी को दे दी तथा वादी की स्कूटी से बाइक को धक्का मारते हुए जैसे ही भण्डारी बाग के पास पंहुचा तो उक्त व्यक्ति वादी की स्कूटी लेकर वहां से फरार हो गया। जिसके बाद वादी उक्त मोटर साइकिल संख्या: यू0के0-07- बीएल-2904 को लेकर थाना पटेलनगर पहुँचा। वादी की लिखित तहरीर पर कोतवाली पटेलनगर पर तत्काल मु0अ0सं0-459/2024 धारा 316(2) भा0 न्या0 संहिता पंजीकृत किया गया।

शातिराना अदांज में अंजाम दी गयी चोरी की घटना के अनावरण तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर आवश्यक निर्देश दिये गये। जिसके क्रम मे गठित पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी/पतारसी करते हुए घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का अवलोकन किया गया, साथ ही स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप आज दिनांक 25-07-2024 को चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा कबाडी बाजार पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने से घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त सौरभ पंचात्म पुत्र राजकुमार पंचात्म निवासी 44/47 टाइटन रोड मौहब्बेवाला हाल पता बृन्दावन गार्डन के पास बंजारावाला कोतवाली पटेलनगर जनपद देहरादून उम्र- 18 वर्ष को चोरी की स्कूटी संख्या: यू0के0-07-एफटी-2593 के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त द्वारा वादी के पास छोड़ी गई मोटर साईकिल के सम्बन्ध मे अभियुक्त से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उक्त मोटर साईकिल उसने मसूरी थाना क्षेत्र से चोरी की थी, जिस सम्बन्ध मे थाना मसूरी से जानकारी प्राप्त की जा रही है।

अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वो नशे का आदी है तथा अपनी नशे की आवश्यकताओ की पूर्ति के लिये उसके द्वारा वाहन चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया गया था, वादी के पास छोड़ी गई मोटरसाइकिल को अभियुक्त मसूरी से चोरी करके लाया था परंतु रास्ते में पेट्रोल खत्म होने के कारण उसके द्वारा वादी से मदद मांगने का बहाना बनाकर उसे अपने विश्वास में लेकर उसकी स्कूटी को चोरी कर लिया। आज अभियुक्त चोरी की उक्त स्कूटी को बेचने की फिराक में घूम रहा था।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त:-

सौरभ पंचात्म पुत्र राजकुमार पंचात्म निवासी 44/47 टाइटन रोड मौहब्बेवाला हाल पता बृन्दावन गार्डन के पास बंजारावाला, कोतवाली पटेलनगर, जनपद देहरादून, उम्र- 18 वर्ष।

अभियुक्त से बरामदगी का विवरण -

1-स्कूटी सं0: यू0के0-07- एफटी-2593

2- मोटर साईकिल सं0: यू0के0-07- बीएल-2904

पुलिस टीम:-

1- उ0नि0 कैलाश चन्द्र

2- कानि0 राजदीप मलिक

3- कानि0 सूर्यप्रकाश

4- कानि0 रविशंकर झा

कोतवाली पटेलनग
देहरादून
0135-2
POLICE